# <u>पंतनगर विश्वविद्यालय में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित</u>

पंतनगर। 4 नवम्बर 2025। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना– फ्रिजवाल के अन्तर्गत ग्राम संजय नगर ।। में कृशक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिवर का उद्घाटन डा. शिव प्रसाद, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशु चिकित्सा एवं प्रसूति, (वी.जी.ओ.) विभाग द्वारा किया गया। डा. शिव प्रसाद ने सभी गोपालकों एवं परियोजना टीम सदस्यों को उत्साहवर्धन के साथ–साथ पशु प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान डा. सी.बी. सिंह, परियोजना अधिकारी द्वारा परियोजना के उद्देश्य के साथ–साथ सफल पशु पालन के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डा.बी.एन. शाही प्राध्यापक, पशु प्रजनन विभाग द्वारा गाभिन बछियों की प्रसवोपूर्व एवं प्रसवोपरान्त देख भाल एवं जानकारी पर प्रकाश डाला व डा. बृजेश सिंह, प्राध्यापक, पशु उत्पादन एवं प्रबन्धन विभाग द्वारा प्रसवोपूर्व एवं प्रसवोपरान्त गायों का वैज्ञानिक पोषण गाय एवं गोवत्सों की देख–रेख एवं आवास व्यवस्था सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने एवं पशुओं के साथ अंगी–अंगा का भाव रखने की सलाह दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान प्रति किसानों को खनिज मिश्रण, अन्तः एवं वाह्रय परजीवी नाशक दवाओं आदि सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्म में 50 किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पशु पालकों का पंजीकरण कु. अराधना फुलार एवं सामग्री वितरण श्री शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी डा. चन्द्र भान सिंह एवं धन्यवाद प्रस्ताव डा. शिव प्रसाद द्वारा किया गया।

